# हरियाणा विधान सभा

**(26 दिसंबर, 2022 को होने वाली हरियाणा विधानसभा की बैठक में पूछे जाने वाले)**

**तारांकित प्रश्न**

## 26 दिसंबर, 2022

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### बरसाती पानी निकासी की पाइपलाइन को बदलना

***1 श्री सुभाष सुधा (थानेसार):**

मुख्यमंत्री कृप्या बताएंगे, किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि कुरूक्षेत्र के सैक्टर-7 तथा 13 में 35-40 वर्ष पुरानी बरसाती पानी निकासी की पाइपलाइन पूरी तरह से ठप एवं क्षतिग्रस्त है; तथा
(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त पाइपलाइन को बदलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है ?

----

### पुलिस स्टेशन के भवन का निर्माण करना

***2 श्री अमरजीत ढांडा (जुलाना):**

क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) क्या यह तथ्य है कि जुलाना के पुलिस स्टेशन का अपना भवन नहीं है तथा पुलिस स्टेशन पुराने भवन में चल रहा है जहां बरसात के मौसम के दौरान 2-3 फीट तक पानी जमा हो जाता है; तथा

ख) यदि हाँ, तो जुलाना में पुलिस स्टेशन के लिए नए भवन का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है ?

----

## एस्ट्रोटर्फ  मैदान की सुविधा उपलब्ध कराना

*3 **श्री सुरेन्द्र पंवार (सोनीपत):**

क्या खेलकूद एवं युवा मामले मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सोनीपत विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में हॉकी खिलाडियों के लिए सरकार द्वारा एस्ट्रोटर्फ  मैदान की कोई सुविधा उपलब्ध करवाई गई है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

----

## नहर की पटरी को पक्का करना

*4 **श्री दीपक मंगला ( पलवल):**

मुख्यमंत्री कृप्या बताएंगे, किः-
(क) क्या किठवाडी पुल से अजीजाबाद पुल तक आगरा नहर की पटरी को पक्का करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो नहर की पटरी के कब तक पक्का किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## कैमिस्ट के लाइसैंस के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों की संख्या

*5 **राव दान सिंह ( महेंद्रगढ़):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) वर्ष 2021 से अब तक राज्य में कैमिस्ट के लाइसैंस के लिए आवदेन करने वाले व्यक्तियों की संख्या कितनी है तथा आज तक लम्बित आवेदनों की संख्या कितनी है;
(ख) 4 महीने की समय सीमा से अधिक समय से लम्बित आवेदकों की संख्या कितनी है तथा उसका नाम वार ब्यौरा क्या है; तथा
(ग) उपरोक्त आवेदनों के लम्बित होने के कारण क्या हैं तथा उक्त विलम्बन के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए तथा उठाए जाने की संभावना है ?

----

## सड़कों का निर्माण

*6 **श्री कुलदीप वत्स (बादली):**

(क) क्या यह तथ्य है कि झज्जर से बादली डांसा सीमा तक सड़क की निविदा आमंत्रित की गई थी परन्तु इसे कुछ कारणों से बंद कर दिया था तथा निविदा पुनः आमंत्रित किए जाने के बावजूद कार्य आरम्भ नहीं किया गया है तथा उपरोक्त सड़क का निर्माण कार्य कब तक किए जाने की संभावना है; तथा

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि बादली से बहादुरगढ़ वाया गुबाना तक सड़क क्षतिग्रस्त है; यदि हां, तो उपरोक्त सड़क की मरम्मत करने/पुनः निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## एम.बी.बी.एस. छात्रों के लिए नई बॉण्ड नीति के लाभ

*7 **श्री बलराज कुंडू (महम):**

क्या चिकित्सा शिक्षा तथा अनुसंधान मंत्री कृप्या बताएंगे, किः-
(क) क्या राज्य में सरकार की एम.बी.बी.एस. डिग्री के लिए बॉण्ड नीति गरीब विद्यार्थियों के लिए लाभकारी है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है;
(ख) वर्ष 2014 से अब तक राज्य में सरकार द्वारा नियुक्त किए गए चिकित्सा अधिकारियों की कुल संख्या कितनी है तथा राज्य में उपरोक्त समय के दौरान सरकारी तथा निजी संस्थानों से उत्तीर्ण हुए एम.बी.बी.एस. छात्रों की कुल संख्या कितनी है; तथा
(ग) ऊपर भाग (ख) में वर्णित समय के दौरान राज्य में सरकार द्वारा स्थाई तथा अस्थाई तौर पर नियुक्त किए गए चिकित्सा अधिकारियों की कुल संख्या कितनी है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## ड्रेन के साथ तालाब जोडना

*8 **श्री जगबीर सिंह मलिक (गोहाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि गांव जुआं के तालाब में तेवाडी, मोई माजरा, नादीपुर माजरा रहमाना, सीतावली, छातिया देवा, सलीमपुर तोराली गांवों का बारिश का पानी एकत्रित हो रहा है; तथा
(ख) क्या उपरोक्त बरसात के एकत्रित पानी को निकालने के लिए उपरोक्त तालाब को पश्चिमी जुआं ड्रेन के साथ जोड़ने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## पीने का पानी आपूर्ति कराना

*9 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या मुख्यमंत्री कृप्या बताएंगे, किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि झज्जर विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में कबलाना, अकेहरी, मदनपुर, लदैण, बीरार, अम्बोली, नोगांवा, साल्हावास, मोहनबारी तथा हुमायूंपुर गांवों में पीने के स्वच्छ पानी की समस्या है; तथा

(ख) उपरोक्त गावों में  पीने का पानी पर्याप्त मात्रा में कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है ?

----

## उपरि पुल का निर्माण

***10 श्री धर्मसिंह छोकर (समालखा):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृप्या बताएंगे, किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि भारी यातायात के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 709 ए.डी. तथा सनौली से जलालपुर सड़क की क्रॉसिंग पर प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं; तथा
(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त क्रॉसिंग पर एक उपरि पुल का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसके  कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?

----

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य आरम्भ करना

***11 श्री शमशेर सिंह गोगी (असंध):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृप्या बताएंगे, किः-
(क) सरकार द्वारा असंध के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 50 बैड से 100 बैड तक विस्तार के लिए वित्तीय अनुमति कब तक दिए जाने की संभावना है; तथा
(ख) उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के विस्तार के लिए भवन का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है ?

----

## नए बूस्टिंग स्टेशन स्थापित करना

***12 श्री घनश्याम सराफ ( भिवानी):**

क्या मुख्यमंत्री कृप्या बताएंगे कि क्या भिवानी शहर की राजीव कॉलोनी तथा त्रिवेणी जोहडी में नए बूस्टिंग स्टेशन स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इनके  कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है ?

----

## सड़क को चौड़ा  करना

***13 श्री लक्ष्मण नापा ( रतिया):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि रतिया विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में टोहाना से रतिया तक जाने वाले मार्ग पर नियमित रूप से ट्रैफिक जाम रहता है; तथा
(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़क को चौडा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन

है तथा इसे कब तक चौडा किए जाने की संभावना है ?

----

## वित्तीय रूप से कमजोर नगर समितियों को राशि जारी करना

***14 श्री बिशन लाल सैनी ( रादौर):**

क्या मुख्यमंत्री कृप्या बताएंगे, किः-
क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा राज्य की उन नगर समितियों को 15 करोड रूपये देने की घोषणा की गई थी, जो वित्तीय रूप से कमजोर हैं यदि हां, तो नगर समिति रादौर को उक्त घोषणा अनुसार उक्त राशि कब तक दिए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## जांच का ब्यौरा

***15 चौ. मामन खान ( फिरोजपुर झिरका):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) नूंह जिले में पुन्हाना ब्लॉक की ग्राम पंचायत हाजीपुर में वित्तीय वर्ष 2019-20 तथा 2020-21 के दौरान मनरेगा में भ्रष्टाचार के संबंध में जांच, जो कि निदेशक/मुख्य सतर्कता अधिकारी, विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा अधीक्षण अभियंता, सतर्कता विंग, रोहतक को पत्र क्रमांक सहायक/चौकसी 2022/86416 दिनांकित 22.07.2022 को अग्रेषित की गई थी, की स्थिति क्या है; तथा
(ख) मनरेगा कार्यों में उक्त भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों के विरूद्ध सरकार द्वारा की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ?

----

## सड़क का निर्माण

***16 श्री जगदीश नायर ( होडल):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृप्या बताएंगे, कि होडल विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में बिछोड से हसनपुर वाया नीमका, डाडका, सौन्धड, बनचारी, डकोरा, मरौली तथा खाम्बी उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाली बृज परिक्रमा सड़क का निर्माण कार्य सरकार द्वारा कब तक स्वीकृत किए जाने की संभावना है तथा इसका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है ?

----

## चारमार्गी सड़क के निर्माण

*17 **श्री मेवा सिंह (लाडवा):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृप्या बताएंगे किः-
क्या जी.टी. रोड पीपली से यमुनानगर तक चारमार्गी सड़क के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसके कब तक निर्मित कि जाने की संभावना है ?

----

## मादक पदार्थों की तस्करी से जुडे लोगों के घर गिराना

*18 **श्री अभय सिंह चौटाला ( ऐलनाबाद):**

क्या गृह मंत्री कृप्या बताएंगे, किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में सरकार द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी से जुडे लोगों के घर गिराए जा रहे हैं; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;
(ख) उक्त विध्वसंक कार्य कब से आरम्भ हुआ है तथा अब तक गिराए गए घरों की संख्या कितनी है; तथा
(ग) क्या सरकार द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त लोगों को सूचीबद्ध किया गया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## नए भवन का निर्माण करना

*19 **श्री दुड़ा राम (फतेहाबाद):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृप्या बताएंगे, किः-
(क) क्या फतेहाबाद तथा भूना खण्ड विकास तथा पंचायत कार्यालय के लिए नए भवन का निर्माण किए जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है ?

----

## शहरी स्थानीय निकाय द्वारा विकास कार्य

*20 **श्री नयन पाल रावत ( पृथला):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृप्या बताएंगे, किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद नगर निगम में पृथला विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के 7 गांव तथा पलवल नगर परिषद में 4 गांव सम्मिलित किए गए हैं; यदि हां, क्या शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा उक्त गांवों के विकास के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

----

**चंडीगढ़.** **राजेन्द्र कुमार नांदल,**

दिनांक 26 दिसंबर, 2022. सचिव